>

Title: The Minister of Micro, Small and Medium Enterprises laid a statement regarding Status of implementation of the recommendations contained in the 206th, 207th and 210th Reports of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2006-07, 2007-08 and 2008-09, respectively), pertaining to the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises.

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) :** मान्यवर, मैं माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश एवं लोक सभा बुलेटिन-भाग II दिनांक 1 सितम्बर, 2004 में निहित लोक सभा में प्रक्रिया नियमावली एवं कार्य संचालन के प्रावधानों के अनुसरण में विभाग संबंधित उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की 206वीं, 207वीं और 210वीं रिपोर्टों में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

विभाग संबंधित उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंध 206वीं रिपोर्ट जोकि "अनुदान की मांग (2007-08) संबंधी समिति की 200वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाई " पर है, में ग्यारह सिफारिशें/िटप्पणियां शामिल हैं । ये सिफारिशें/िटप्पणियां मोटे तौर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) क्षेत्र को ऋण प्रवाह, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) के प्रचालन, प्लान योजनाओं के तहत निधियों के आवंटन और उनके कार्यान्वयन को सुचारू बनाने, जिसमें वे जोकि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए है, भी शामिल है, से संबंधित है । मेरे मंत्रालय द्वारा इन सिफारिशों/िटप्पणियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई है । प्रत्येक सिफारिश/िटप्पणी पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा देने वाली कृत कार्रवाई टिप्पण को 10.10.2008 को समिति के सचिवालय को भेज दिया गया है ।

विभाग संबंधित उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबद्ध 207वीं रिपोर्ट जोकि "कृषि एवं ग्रामीण उद्योग के लिए अनुदान की मांग (2007-08) संबंधी समिति की 199वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई " पर है, में पन्द्रह सिफारिशें/िटप्पणियां शामिल हैं। ये सिफारिशें/िटप्पणियां मोटे तौर पर खादी एवं ग्रामोद्योग से संबंधित मंत्रालय की चालू योजनाएं, उनसे संबंधित निधियों के आवंटन और उपयोग और इन योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत लाभ/प्रगति से संबंधित है । मेरे मंत्रालय द्वारा इन सिफारिशों/िटप्पणियों के संबंध में आवश्यक

* Laid on the Table and also Placed in Library, See No. LT/0172/ 08

कार्रवाई की गई है । प्रत्येक सिफारिश/िटप्पणी पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा देने वाली कृत कार्रवाई टिप्पण को 22.10.2008 को समिति के सचिवालय को भेज दिया गया है ।

"सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांग (2008-09) " पर 210वीं रिपोर्ट में पैंसठ सिफारिशें/िटप्पणियां शामिल हैं । ये मुख्यतः प्लान योजनाओं के तहत निधियों के आवंटन, उनके उपयोग और उनके तहत नियत लक्ष्य, योजनाओं के कार्यान्वयन का यौक्तिकरण/सरलीकरण, क्षेत्र से संबंधित ऋण संबंधी मामले, प्रौद्योगिकी उन्नयन, विपणन एवं आधारभूत संरचना और एनएसआईसी और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के प्रचालन संबंधी मुद्दों से संबंधित है । मेरे मंत्रालय द्वारा इन सिफारिशों/िटप्पणियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई है । प्रत्येक सिफारिश/िटप्पणी पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा देने वाली कृत कार्रवाई टिप्पण को 17.10.2008 को समिति के सचिवालय को भेज दिया गया है ।

समिति द्वारा की गई प्रमुख सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति का ब्यौरा इस वक्तव्य के अनुबंध ।, ।। और ।।। में दिया गया है, जो सदन के पटल पर रखा गया है । मैं इन अनुबंधों की विषय-वस्तु को पढ़ने में सदन का मूल्यवान समय नहीं लेना चाहूंगा और यह अनुरोध करूंगा कि इन्हें पढ़ा हुआ मान लिया जाए ।

---